# दुर्घटनाओं का केन्द्र बन गया सिवनी-बालाघाट रोड



**धारनाकला नवभारत।** आवागमन का बढता दबाव सकरी रोड मे आऐ दिन दुरघटनाऐ घटित हो रही है आज भी धारनाकला मे दो सडक दुरघनाऐ घटित हुई है जिसमे बोलेरो वाहन से टकराने के कारण ग्राम लालपुर निवासी एक युवक का हाथ टूट गया तथा दूसरी घटना मे साईड सोलडर से फिसलने के कारण दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया ऐसी एक नही अपितु अनेको दुरघटनाऐ सिवनी बालाघाट रोड मे घटित हो रही है लगातार सिवनी बालाघाट रोड मे आवागमन का दबाव तेजी से बढ रहा है किन्तु मुख्य मन्त्री मोहन यादव की घोषणा के बाद भी सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दील होने की घोषणा भी सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है जबकि सिवनी बालाघाट रोड मे घटित हो रही सडक दुर्घटनाओ के कारण अब आम जनता भी इस रोड को खूनी सडक के रूप नाम दे चुकी है वैसे मुख्य मन्त्री मोहन यादव की घोषणा को एक वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु रोड का निर्माण तो दूर सडक की मरम्मत का तक कार्य प्रारम्भ नही हो पाया और दुर्घटनाओ मे लगातार इजाफा होते रहा

### रोड निर्माण के लिये हुआ विरोध

उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट सडक निर्माण को लेकर बीते सप्ताह ही आन्दोलन के रूप मे बरघाट धारनाकला बेहर ई तथा छेत्र की जनता ने अपने अपने प्रतिष्ठान बन्द कर विरोध भी प्रगट किया था तथा प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुऐ सडक निर्माण की मांग रखी थी तथा इसके पूर्व भी अनेको सत्याग्रह सिवनी बालाघाट रोड को लेकर हो चुके है किन्तु अब तक सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दील होने की उम्मीदे बनकर रह गई है.

### रोड के किनारे तक फैले अतिक्रमण, होते हैं हादसे

यहा यह भी उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट रोड मे रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण भी आऐ दिन दुरघटनाऐ घटित होने का कारण बन रहे है यहा तक की शासकीय जमीन मे रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण के मकड़जाल को हटाने मे भी प्रशासन को पशीने छूट रहे है जबकि जिले की सवेदन शील जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण तथा शासकीय जमीन के अतिक्रमण हटाने मे कोई ठोस कार्रवाई अब तक सामने नही आई है जो यही अवैध अतिक्रमण आऐ दिन भीषण दुर्घटनाओ का कारण भी बन रहे है।



## चंडी गांव में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने लगाया जाम

**छपारा नवभारत।** नगर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अंजनिया के अंतर्गत ग्राम चंडी,भरिया टोला सहित क्षेत्रीय ग्रामों के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित हो खाली बर्तन लेकर 29 मार्च दिन रविवार को सुबह लगभग 1 बजे छपारा से भीमगढ रोड़ पर चक्का जाम कर मार्ग पर से आगमन रोक दिया सूचना मिलते ही तत्काल छपारा पुलिस थाना से पुलिस बल ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाइश देते रहे परन्तु ग्रामीण अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर ठोस कार्यवाही के बगैर मार्ग नहीं छोड़ने पर अडे रहे जहां दोपहर लगभग तीन घंटे बाद स्थानीय प्रशासन से नायब तहसीलदार रामसेवक कौल एवं छपारा पीएचई विभाग से श्रीमती ज्ञानेश्वरी उईके प्रभारी एसडीओ ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से संवाद कर मामले को सुलझाया जिसमें कहा गया कि उक्त क्षेत्र से एक पेयजल की पाइपलाइन गई है जहां से गांव में पेयजल आपूर्ति की जा सकती है और इसके लिए वरिष्ठ अधिकारीयों से कार्यवाही कर उपलब्ध कराया जाएगा वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में जो हेडपंप है उनमें से फ्लोराइड प्रभावित पानी निकल रहा है जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों हो रही हैं वहीं उनके द्वारा विगत सभी चुनावों का वहिष्कार किया गया परन्तु इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और आज भी स्थिति ज्यों कि त्यों ही बनी हुई है।

### एक नजर में

### खामी में जल गंगा संवर्धन अभियान




बरघाट । शनिवार को सेक्टर क्रमांक-4 बरघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत- खामी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् ,सिवनी जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी व ब्लाक समन्वयक-श्रीमती शोभना ठाकरे के मागदर्शन में नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा के अध्यक्ष श्री भरतलाल देशमुख, जनपद सदस्य लेखराम हरिनखेड़े जी एवं जनप्रतिनिधि , जनपद सदस्य,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सरेखा श्रीमती प्रीती लोकमन गौतम जी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खामी से हरवंश बिसेन एवं सदस्य, पंच, गणमान्य नागरिक विधार्थी,परामर्शदाता, मानेश्वर बिसेन की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया।संगोष्ठी,- बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान केअंतर्गत पानीकोबचाने सम्बन्धी समझाइश दी गई। और पानी का महत्व पर प्रकाश डाला गया साफ़ सफाई - कार्यक्रम में सभी सहभागियों द्वारा तालाब के आस पास की सफाई की गई। कलश पूजन और आरती - कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और सहभागियों द्वारा कलश का पूजन और मा गंगा की आरती की गई। नवांकुर संस्था से भरतलाल देशमुख द्वारा तैराकी प्रशिक्षण दिया गया एवम जल संवर्धन हेतु शपथ ली और सभी खेल में सहभागी हुए कार्यक्रम के अंत में श्री भारत लाल देशमुख द्वारा सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।



### विनायक राठौर का सुयश

सिवनी। मिशन बालक उ.मा.वि. सिवनी में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विनायक राठौर पिता श्री के.के राठौर ने बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च 80 प्रतिशत अंक से कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित किया शाला परिवार छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करता है

### प्रेम और सेवा का संदेश लेकर निकला सत्य साई रथ



सिवनी। श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का कान्हीवाडा में भ्रमण पुटपर्ती आन्ध्रप्रदेश से पूरे भारत देश के जन जन तक प्रेम का संदेश लेकर निकले इस दिव्य रथ में भगवान् की चरण पादुका विराजित है श्री सत्य साई सेवा संगठन के द्वारा संचालित रथ को समिति के सदस्यों के सहयोग से मण्डला जिले से प्राप्त जिला कान्हीवाडा के अन्तर्गत भटेखारी पखारा केवलारी उगली, सकरी बेलगाँव और पाण्डियाछपारा होते हुए साई जिला लालबर्रा की ओर प्रस्थान करेगा पूरे मध्यप्रदेश की यात्रा करते हुए उत्तर प्रदेश के बाद नेपाल के भक्तों को कृतार्थ कर स्वामी के जन्म दिन 23 नवम्बर को पुटपर्ती में समापन किया जाएगा। इस रथ को श्री प्रदीप तिवारी लखनऊ के द्वारा ड्राइव किया जा रहा है।

## हिसंक बाघ की तलाश में सर्च ऑपरेशन, क्षेत्र में दहशत

**धारनाकला नवभारत।** वन विकास निगम बेहर ई के द्वारा लगातार तपती धूप मे बाघ की तलाश की जा रही है क्योकि लगातार बाघ के हमले से छेत्र मे भय का वातावरण बना हुआ है आदिवासी युवक के शिकार के बाद दूसरे दिन बाघ ने शैला तथा घुरवाडा ग्राम मे भी दस्तक दी थी जिसे लोगो ने देखते हल्ला बोलते हुऐ बाघ को भगाने का भी प्रयास किया है और कोई दूसरी घटना घटित न इस बात को ध्यान मे रखते हुऐ वन विकास निगम के द्वारा लगातार जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश की जा रही है और भारी तादाद मे वन विभाग का अमला लगातार दो दिनो से बाघ की आवक वाले स्थानो पर तैनाती बनाये हुऐ है जिसमे जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का सहयोग भी वन विभाग को मिल रहा है



### लगाये जा रहे कैमरे

वन विभाग के द्वारा जंगल के अधिकांश हिस्सो मे कैमरे स्थापित किये जा रहे है ताकि बाघ की उपस्थिति वाले छेत्र को कैमरे मे कैद किया जा सके और आज दिन भर तपती गर्मी मे वन विभाग द्वारा जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश के साथ ही कैमरे स्थापित किये गये है

### बकरे को बनाया शिकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर बाघ के द्वारा आदिवासी युवक का शिकार किया गया था उसी स्थान पर वन विभाग के द्वारा बाघ की तलाश के लिये बकरा रखा गया था जिसे बाघ ने शिकार बनाकर यह संकेत जरूर दे दिया है की बाघ की उपस्थिति उसी छेत्र के जंगल मे बनी हुई है और इसी तलाश मे वन विभाग के द्वारा लगातार जंगल की ओर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि हिसंक बाघ को तलाश कर कैद किया जा सके

यहा यह बताना भी लाजिमी है की गोडेगावं शैला घुरवाडा डोरली म ऊ उमरवाडा आदि दर्जनों ग्राम जंगल से लगे हुऐ है तथा वर्तमान मे महूआ बीनने के लिये गरीब तबका जंगल मे लगे महूआ के पेडो के नीचे रुख कर रहा है और लगातार बाघ के हमले होते चले आ रहे है बाघ की तलाश के साथ ही ग्रामीण लोगो को वन विभाग द्वारा लगातार चेतावनी भी दी जा रही है की सावधानी बरते तथा जंगल की ओर वर्तमान मे रुख न करे.

## लूघरवाड़ा में नौदिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का होगा आयोजन

**सिवनी नवभारत।** नगर से लगे लूघरवाड़ा में नवदिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि लूघरवाड़ा स्थित (गार्डन) अयोध्या नगर कालोनी में 3 मार्च से 7 अप्रैल दिन मंगलवार तक नव दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीशिवमहापुराण की अमृतमय कथा को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय (माता राजराजेश्वरी सिद्धपीठ दुर्गाचौक सिवनी) के द्वारा रसास्वादन कराया जाएगा। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि भव्य कलश यात्रा 3 मार्च सोमवार दोपहर 12 बजे तथा हवन पूजन एवं महाप्रसाद भंडारा



दिनांक **07 अप्रैल 2026** दिन मंगलवार को रखा गया है। यजमान परिवार श्री रामदीन सुनेश, श्रीमति चमेली सुनेश एवं परिवार ने इस ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सहपरिवार पधारने तथा शिवकृपा से जीवन को सफल बनाकर अनुग्रहीत करने का निवेदन किया है। वही अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय आचार्य पं. श्री राजेन्द्र पाण्डेय (माता राजराजेश्वरी सिद्धपीठ दुर्गाचौक सिवनी) ने कहा है कि शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

## पुलिस लाइन से कराया गया साइक्लोथॉन कार्यक्रम



**सिवनी नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की **150 वी** जयंती के 2 वर्ष समारोह अभियान अंतर्गत साइक्लोथॉन कार्यक्रम का प्रारंभ जिला सिवनी में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की उपस्थिति में गत दिवस पुलिस लाइन सिवनी से किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन दौड़ की शुरुआत की गई जो शहर के विभिन्न मार्गो /क्षेत्रो से गुजरते हुए पुलिस लाइन में समापन हुआ कार्यक्रम में सम्मिलित समस्त प्रतिभागी सदस्यों द्वारा साइकिल के साथ भाग लेकर जोश ,उत्साह और ऊर्जा के साथ स्वच्छ पर्यावरण बनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ी , नगर और ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, पुलिसकर्मी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सदस्य ,एवं वीसाबल के पुलिस कर्मी , सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू थाना प्रभारी डूंडासिवनी चैन सिंह उइके उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण का शुभारंभ, निकली कलश शोभायात्रा

**धारनाकला नवभारत।** धर्म की नगरी धारनाकला मे आज से मातृशक्ति के द्वारा आयोजित शिव महापुराण के शुभारंभ दिवस पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

अभी चैत्र नवरात्र की पावन बेला मे राधा कृष्ण मन्दिर प्रांगण मे स्थापित मा भगवती के पर्व को ग्राम के भक्तो ने हर्ष उल्लास से मनाया और प्रति वर्ष की भाति मातृशक्ति के द्वारा इस वर्ष भी शिव महापुराण का आयोजन रखा गया है जिसमे कथा वयास के रूप चाकघाट चित्र कूट से पधारी गृशा शुक्ला के द्वारा लगातार नौ दिनो तक भगवान शिव की अमृत मयी कथा का वाचन किया जायेगा



उल्लेखनीय है धर्म की नगरी धारनाकला मे लगातार धार्मिक आयोजन होते आ रहे है और इन धार्मिक आयोजन को ग्राम की मातृशक्ति ही सम्पन्न करा रही है जो एक मिशाल बनकर रह गई है।

### विधायक ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किये गये विचारों को सुना

सिवनी। विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा साझा किये गये विचारों को सुना गया।आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 132 वें एपिसोड मन की बात कार्यक्रम मे साझा किये गये विचारों को भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा अपने गृह निवास लखनादौन मे साथी कार्यकर्ताओं के साथ उत्साह पूर्वक सुना व देखा गया। इस अवसर पर भाजपा देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सिवनी पुलिस ने कॉबिंग गश्त में 67 वारंटी को गिरफ्तार कर 82 निगरानीशुदा बदमाशों को चेक किया

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता (भा.पु.से.) के द्वारा मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक **29-03-26** की रात्रि 12 बजे से प्रात: 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह



स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में 4 राजपत्रित पुलिस अधिकारी, सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 136 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 17 स्थाई वारंट, 5 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 82 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया एवं 8 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 225 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

**रामनवमी** दो महीनों से मंदिर के रंग-रोगन, साफ-सफाई, सजावट और जीर्णोद्धार का कार्य किया गया

# नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में मना श्रीराम जन्मोत्सव, हुए विभिन्न कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** जिले से 17 किमी दूर नागपुर रोड एनएच-44 स्थित आनंद वर्धन राम मंदिर, कलबोडी-बिहिरिया में राम जन्मोत्सव नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर जीर्णोद्धार और भव्य आयोजन तक विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए।

अध्यक्ष महेंद्र कुमार सनोदिया (राजा भैया) और सचिव सचिन गजभिए ने बताया कि नई कार्यकारिणी के युवाओं द्वारा पिछले दो महीनों से मंदिर के रंग-रोगन, साफ-सफाई, सजावट और जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। मंदिर में ध्वजारोहण और आकर्षक विद्युत सज्जा की गई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में नजर आया।

राम जन्मोत्सव के अवसर पर जितेंद्र तिवारी द्वारा 18 सहस्त्रनाम पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे



भगवान राम को पालने में विराजित किया गया, इस दौरान भये प्रकट कृपाला दीन दयाला के साथ श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आरती-वंदन के साथ भजन मंडलियों ने मंगल गीत प्रस्तुत किए।

आयोजन के तहत 9 कुंड हवन का आयोजन किया गया, जिसमें 9 जोड़ों ने भाग लेकर यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन में विधायक कमल मर्सकोले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सुरेंद्र सिंह राजपूत, पारस पटेरिया और नितिन सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

पूजन-अर्चन और यज्ञ का संचालन सुरेश तिवारी, पंडित अतुल महाराज तथा मुख्य यजमान अशोक तिवारी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसकी व्यवस्था पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल, लेखराम साहू, हरि सिंह सनोदिया, चिन्नू और स्नेह संभाला ने संभाली।

शाम को भजन कार्यक्रम के बाद नई कार्यकारिणी के युवाओं द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई और क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामनाएं की गईं।



### कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष कुबेर चंदेल, सह सचिव वीरेंद्र चंद्रवंशी, लेखा-जोखा प्रभारी राकेश साहू व संजीव सनोदिया, मीडिया प्रभारी गिरीश राव पवार व शिवम, संग्रहण प्रमुख अमित सनोदिया, सर्व व्यवस्था प्रमुख सरपंच नरेश टेकाम, व्यवस्था प्रमुख छोटू साहू, मंदिर संरक्षक भानु सिंह रघुवंशी, सोनू साहू, दीवान सिंह, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख कांता, राकेश सिंह वैस, जयराम सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साउंड एवं टेंट व्यवस्था में परमानंद और भोला चंदेल का सहयोग रहा। नई कार्यकारिणी ने बताया कि मंदिर की मूर्तियों और परिसर के जीर्णोद्धार का कार्य आगे भी जारी रहेगा तथा श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है।

## चक्की खमरिया अग्निकांड के बाद सियासी हलचल तेज

### कांग्रेस नेताओं ने किसानों से मिलकर दिलाया न्याय का भरोसा

**कुरई नवभारत।** ग्राम पंचायत चक्की खमरिया में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद अब राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रभावित किसानों से मिलने के लिए नेताओं का लगातार गांव पहुंचने का सिलसिला जारी है।

इसी कड़ी में आज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेश मरावी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल ने चक्की खमरिया पहुंचकर आग से प्रभावित किसानों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित किसानों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

जिला अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि इस भीषण अग्निकांड से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए वे शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात



कर इस मुद्दे को विधानसभा तक उठाएंगे, ताकि किसानों को न्याय मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि प्रभावित किसानों का सरकारी कर्ज माफ किया जाए और उन्हें दोबारा खेती के लिए खाद-बीज की व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे फिर से अपनी आजीविका शुरू कर सकें।

वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल ने भी किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या को शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा और हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

इस दौरान क्षेत्रीय कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य विमल पटेल, सुनील राठौर, दिलीप कुर्वेती, पूर्व सरपंच खाखरा सहित अनेक ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस अग्निकांड में सैकड़ों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अब सभी की निगाहें शासन द्वारा मिलने वाले मुआवजे पर टिकी हुई हैं।